सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 196 | इंदौर, बुधवार 24 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Ram Mandir: चंदन टीका लगाने वालों ने राममंदिर के पास जमाया डेरा, सरयू के घाटों और राम की पैड़ी से समेटा काम**
2. **Gaza War: PM नेतन्याहू की दो टूक- जीत के अलावा दूसरा विकल्प नहीं; गाजा में हमास के ठिकानों पर IDF के हमले जारी**
3. **ED: ईडी दफ्तर पहुंचे रोहित पवार; सुप्रिया सुले भी छोड़ने पहुंची, कार्यालय के बाहर भारी सुरक्षाबल तैनात**
4. **Bharat Jodo Nyay Yatra: 'CM हिमंत देश में सबसे भ्रष्ट; अमित शाह के हाथों की कठपुतली'; असम में बरसे राहुल**
5. **BJP पर कांग्रेस का तंज: 'कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का स्वागत, पर जातिगत जनगणना से क्यों भाग रही मोदी सरकार'**
6. **Biden Vs Trump: बाइडन को भी प्राइमरी जीतने का भरोसा; न्यू हैंपशर में रिपब्लिकन-डेमोक्रेट खेमे का मुकाबला रोचक**

# दिग्विजय ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

## कहा- EVM का सॉफ्टवेयर तय करता है सरकार किसकी बनेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने भोपाल में ईवीएम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, ईवीएम का सारा काम प्राइवेट लोगों के हाथ में हैं। जब सॉफ्टवेयर ही सब करता है तो वही सॉफ्टवेयर तय करेगा सरकार किसकी बनेगी। 140 करोड़ के देश मे जहां 90 करोड़ मतदाता हैं तो क्या हम ऐसे लोगों के हाथ मे ये सब तय करने का अधिकार दे दें। पूरे इलेक्शन प्रोसेस का मालिक ना मतदाता है, ना अधिकारी कर्मचारी हैं। इसका मालिक सॉफ्टवेयर बनाने और डालने वाला है।



उन्होंने कहा, सॉफ्टवेयर कौन डाल रहा है इसकी कोई जानकारी नहीं है। सॉफ्टवेयर बनाने वाला डालने वाला और सॉफ्टवेयर ही तय करेगा की सरकार किसकी बनेगी। 140 करोड़ की जनता का मालिक न मतदाता है न इलेक्शन कमीशन और न ही सरकारी कर्मचारी है न रिटनिंग अधिकारी है। इन सबका मालिक अब सॉफ्टवेयर निर्माता है।

### लालकृष्ण आडवाणी भी संदेह जता चुके हैं

उन्होंने कहा, 2003 से लेकर 2012 तक ईवीएम चलती रही। इस दौरान लालकृष्ण आडवाणी से लेकर कई नेताओं ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। मूल रूप है विश्वास जनता को विश्वास होना चाहिए। इसके बाद वीवीपैट मशीन आई। उसमे दिखाने की प्रक्रिया थी कि वोट कहाँ डाल रहा है। मतदाता वीवीपैट में डाला जाने वाला सॉफ्टवेयर का सर्वर सेंट्रल इलेक्शन के सर्वर से जुड़ी होती है। इसका कंट्रोल यूनिट प्री-प्रोग्राम होती है। ईवीएम मशीन में जहाँ चिप डला हो वहाँ पर डला होने वाला सॉफ्टवेयर ही सर्वेसर्वा होता है।

### चुनाव आयोग ने माना खतरनाक

दिग्विजय ने कहा कि हमारे यहां आस्ट्रेलिया की तर्ज़ में वीवीपैड पब्लिक डोमेन में क्यों नहीं डाले जाते। इसी तरह यह वन टाइम प्रोग्रामेबल चिप है या मल्टीलेवल प्रोग्रामेबल चिप इसकी भी जानकारी नहीं है। आज विश्व में 5 देश ऐसे है जहां EVM से वोट डाला जाता है। विदेशों में सॉफ्टवेयर पब्लिक डोमेन में है। हमारे यहाँ 2003 से ही ऐसा नहीं है । जब बोला गया तो चुनाव आयोग ने कहा इसे पब्लिक डोमेन में नहीं रख सकते। ये तो और भी ख़तरनाक है की चुनाव आयोग मानता है की इसका दुरुपयोग हो सकता है ।

**भिंड में केंद्रीय मंत्री सिंधिया की सभा में हंगामा**

# बीमार बालिका के इलाज की मांग करने पहुंचे समाजसेवी, धक्का-मुक्की कर पोस्टर छीने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड**। भिंड में मंगलवार की शाम केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की आभार सभा में कुछ मिनटों के लिए हंगामा खड़ा हो गया। यहां शहर के कुछ युवा समाजसेवी एक बीमार बालिका के इलाज की मांग को लेकर पहुंचे थे। वे हाथों में तख्ती लिए हुए थे और सभा के दौरान इलाज कराए जाने की मांगों को लेकर खड़े हो गए। इन समाजसेवियों को देख मंच पर बैठे एक नेताजी को ठीक नहीं लगा। उन्होंने समाजसेवियों को हटाने का इशारा किया। इस पर बीजेपी समर्थक आ गए और उन्होंने समाजसेवियों से धक्का-मुक्की कर दी और पोस्टर व तख्तियां छीनकर भगा दिया।



दरअसल मामला यह हैकि भिंड की बीटीआई रोड पर रहने वाली 14 वर्षीय बालिका रूचि भदौरिया पिछले डेढ़ साल से किडनी की बीमारी से पीड़ित है। ये बालिका की किडनी बदलवाए जाने की मांग को लेकर करीब दो महीने से शहर के समाजसेवी अभियान चला रहे है। बालिका के समुचित उपचार समेत किडनी डोनेटर की तलाश में जुटे हैं।

समाजसेवियों ने मंगलवार की शाम को केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात करने की योजना बनाई। पहले ये सभी भारौली रोड पर टेंट लगाकर बैठै। यहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से बीमारी से पीड़ित बालिका की मुलाकात सिंधिया से करवाना चाही, परंतु इनके टेंट के पास केंद्रीय मंत्री सिंधिया की कार रूकी और आवेदन लेकर आगे बढ़ गए। इसके बाद समाजसेवी युवा हाथों में तख्तियां लेकर सभा स्थल खंडा रोड पर पहुंचे। वे कार्यक्रम के बीच खड़े हो गए। कार्यक्रम के दौरान रूचि भदौरिया का इलाज कराए जाने की मांग करने लगे। तभी मंच पर बैठे नेतागण चौंक गए। इसी समय एक नेता जी ने अपने कार्यकर्ताओं की ओर इशारा करते हुए समाजसेवियों को शांत करने को कहा। तभी भाजपाइयों ने इन समाजसेवियों की तख्तियां व पोस्टर छीन लिए और मौके पर ही तोड़ दिए। इसके बाद धकका-मुक्की करते हुए कार्यक्रम स्थल से भगाया। आरोप यह भी हैकि भाजपाइयों ने समाजसेवियों से हाथापाई भी की है।

समाजसेवी शुभम पचौरी का कहना हैकि मैं बीमार बालिका रूचि भदौरिया के इलाज की मांग करने के लिए कुछ साथियों के साथ गया था। हम सभी के हाथों में पोस्टर थे। यहां मौजूद कुछ लोगों ने धक्का-मुक्की कर हाथापाई की। इस दौरान बीमार बालिका रूचि के साथ भी अभद्रता की गई।

वहीं, 14 वर्षीय बीमार बालिका रूचि भदौरिया का आरोप हैकि मैं अपने पापा के साथ केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिलने गई थी। हमारे साथ लोग थे। मैं ई-रिक्शा में बैठी थी। मेरा ई-रिक्शा कार्यक्रम स्थल से दूर खड़ा था। परंतु वहां लोगों ने गंदा व्यवहार किया। मुझे वहां से भगाया गया।

# शहर में निकलने वाले ग्रीन वेस्ट के निपटान के लिए 100 टन क्षमता का प्लांट लगेगा

## → 100 टन लकड़ी का होगा निपटान और मिलेगी साढ़े 3 रुपए किलो रॉयल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । शहर में निकलने वाले ग्रीन वेस्ट के निपटान को लेकर 100 टन क्षमता का प्लांट लगाया जाना है। इसको लेकर नगर निगम ने ठेकेदार एजेंसी तय करने के साथ बिचौली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट में जमीन दे दी है। प्लांट लगने के बाद जहां 100 टन लकड़ी का निपटान होगा, वहीं निगम को साढ़े 3 रुपए किलो के हिसाब से रॉयल्टी मिलेगी।**

ग्रीन वेस्ट के निपटान को लेकर निगम के पास कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। अभी बरसात के दौरान गिरने वाले पेड़, बिजली मेंटेनेंस के लिए सड़क किनारे छंटने वाले पेड़ों की छोटी-बड़ी शाखाएं, विकास कार्य में बाधित कटने वाले पेड़ और आमजन के घरों के बाहर पेड़ों की कटाई-छंटाई के दौरान निकलने वाला ग्रीन वेस्ट का सही ढंग से निपटान नहीं होता है। इस कारण पेड़ों की कटाई-छंटाई के बाद डालियां और पत्ते कई-कई दिनों तक सड़क किनारे ही पड़े पड़े सड़ते रहते हैं, जिसे उठाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड फेंक दिया जाता है।

यह देखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पब्लिक, प्राइवेट और पार्टशिप मॉडल (पीपीटी) पर एक प्लांट लगाने का फैसला लिया। इस पर अमल करते हुए उन्होंने 9 जून 2023 को हुई मेयर-इन-



कौसिल (एमआइसी) की बैठक में ग्रीन वेस्ट के निपटान को लेकर 100 टन क्षमता का प्लांट लगाने का प्रस्ताव स्वच्छ भारत मिशन के तहत रखवाया। एमआइसी में ग्रीन वेस्ट निपटान को लेकर प्लांट लगाने का प्रस्ताव पारित होने के बाद जुलाई 2023 में ग्रीन वेस्ट निपटान प्लांट लगाने को लेकर टेंडर जारी किए गए।

टेंडर आने के बाद मंजूरी के लिए प्रस्ताव एमआइसी में रखा गया। विधानसभा चुनाव को लेकर 9 अक्टूबर को आचार संहिता लगने से पहले हुई एमआइसी में ग्रीन वेस्ट प्लांट लगाने को लेकर ठेकेदार एजेंसी तय कर दी गई, मगर एमआइसी में पारित इस संकल्प को जारी नहीं किया गया और आचार संहिता लगने से प्लांट लगाने का काम अटक गया। आचार संहिता हटने के बाद निगम के अफसरों ने प्रस्ताव निकाला और तीन-चार दिन पहले ग्रीन वेस्ट निपटान को लेकर प्लांट लगाने के लिए तय की गई ठेकेदार एजेंसी को बिचौली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट में जमीन दे दी है। इसके साथ ही प्लांट लगाने की तैयारी भी हो गई है।

निगम अफसरों का कहना है कि एमआइसी से संकल्प पारित होते ही ग्रीन वेस्ट प्लांट लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। ग्रीन वेस्ट से बायोमास बनाने की प्रणाली पर आधारित मशीनरी स्थापित की जाएगी। बरसात में गिरने वाले पेड़, विकास कार्य में बाधित कटने वाले पेड़, बिजली मेंटेनेंस के लिए सरकारी बगीचों व रोड किनारे लगे और घरों के बाहर के पेड़ों की कटाई- छंटाई के बाद निकलने वाले ग्रीन वेस्ट का निपटान इस प्लांट पर आसानी से होगा। साथ ही निगम को फायदा होगा, क्योंकि शहर से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट का निपटान हो जाएगा और लकड़ी की साढ़े 3 रुपए किलो रॉयल्टी मिलेगी।

## सम्मेलन में 150 युवक युवतियों ने दिया परिचय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री सोमवंशीय सकल पंच महार समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन प्रीतम दास सभागृह आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए 150 युवक-युवतियों ने मंच से परिचय दिया। अतिथियों द्वारा परिचय पुस्तिका ह्रबंधनह्र का विमोचन किया गया। परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष श्री गोपाल जाधव एवं प्रभारी श्री राजेश सासदिवे ने बताया कि प्रदेश स्तर के हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन में करीब 250 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुयी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों विधायक गोलू शुक्ला एवं प्रताप करोसिया द्वारा परिचय पुस्तिका बंधन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्की टपाल एवं नारायण गायकवाड ने किया। सम्मेलन में सरपंच रंजीत जगताप, यशवंत पंवार, पवन सिरसाट, लखन अडाव, गुणवंत कामले, संदीप मोरे, जीतू कामले, श्रीमती डिम्पल कामले आदि मौजूद थे।

## जनकार्य प्रभारी ने नवीन जोन क्रमांक 20 का किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर जनकार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर द्वारा रामगंज जिंसी क्षेत्र मे नवीन झौन क्रमांक 20 राजमाता जीजाबाई जोन स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधायक अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डी आर लोधी, लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

जनकार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने कहा कि निगम स्तर से किए जाने वाले विकास कार्यों के साथ ही कार्यों के विकेंद्रीकरण को लेकर तथा लोगों तक बेहतर सुविधाएं ज्यादा ठीक से पहुचे, इसके लिए निगम के 19 झोनल कार्यालय को बढ़ाकर 22 झोनल कार्यालय बनाए जा रहे हैं, इसी क्रम में झोन क्रमांक 20 राजमाता जीजाबाई (रामगंज जिंसी) पर झोनल कार्यालय निर्माण के संबंध में निरीक्षण किया गया। विदित हो कि नवीन झोनल कार्यालय झोन क्रमांक 20 में वार्ड क्रमांक 4, 5, 6 व 8 का क्षेत्र आएगा। जनकार्य प्रभारी श्री राठौर द्वारा निरीक्षण दौरान नवीन जोनल कार्यालय के भवन निर्माण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई, तथा बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग एवं आवश्यक निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होने बताया कि झोन क्रमांक 22 जरनैल हरिसिंह नलवा (बॉम्बे हॉस्पिटल), झोन क्रमांक 21 स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर प्रगति नगर में भी नवीन जोनल कार्यालय परिसर निर्माण के संबंध में शीघ्र कार्य किया जा रहा है।

## विशेष ब्लड डोनेशन कैंप लगाया

इंदौर। प्रभु श्री राम के आगमन का पर्व इंदौर स्थित भारत के पहले नि:शुल्क ब्लड कॉल सेंटर रेड क्रॉस पर अनूठे तरीके से मनाया गया। गंगवाल बस स्टैंड, क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल के पास 22 जनवरी 2024 को ब्लड कॉल सेंटर रेड क्रॉस पर विशेष ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। यह ब्लड थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों को दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर संभागायुक्त माननीय मालसिंह जी भयडिया साहब एवं एडीएम महोदय गौरव बेनल साहब, माननीय महोदय एडीएम रोशन राय साहब उपस्थित रहे। कैंप में शामिल होने के साथ ही, उन्होंने रक्तदाताओं का सम्मान भी किया। गौरतलब है कि भारत का पहला नि:शुल्क ब्लड कॉल सेंटर रेड क्रॉस विगत 16 वर्षों से निरंतर रूप से जरूरतमंदों के लिए नि:स्वार्थ भाव से रक्त की व्यवस्था करता आ रहा है। अब तक सेंटर द्वारा लाखों लोगों को पूरी तरह से नि:शुल्क रक्त की सहायता की जा चुकी है। ब्लड कॉल सेंटर रेड क्रॉस द्वारा रक्तदाता वाहिनी के जरिए भी लोगों को लाने और पुन: छोड़ने का कार्य भी कई वर्षों से कुशलतापूर्वक किया जा रहा है।

### कटाक्ष




## हाईकोर्ट ने वात्सल्यपुरम संस्था की याचिका की खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हाईकोर्ट द्वारा वात्सल्यपुरम संस्था की याचिका को खारिज कर दिया गया है। मामला वात्सल्यपुरम बालगृह विजयनगर से रेस्क्यू करायी गई 21 नाबालिग बालिकाओं का है। शासन ने गत 12 जनवरी को एक टीम के द्वारा इन बालिकाओं को वात्सल्यपुरम नामक अनाथगृह से रेस्क्यू किया था। जाँच के दौरान बालगृह का जेजे एक्ट के तहत पंजीकरण न होना, 4 बच्चियों का लापता होना, नाबालिग बालिकाओं से मारपीट, गर्म चमटे से जलाना, निर्वस्त्र करने, खाने न देने जैसी वारदात सामने आने पर संस्था के खिलाफ विजयनगर थाने में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया।**

जूनी इंदौर के एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि संस्था ने हॉस्टल की आड़ में अनाथ बच्चों का लेन-देन करती थी। इसके साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं। संस्था के द्वारा शासन के खिलाफ उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण एवं शासन के द्वारा बच्चियों के अपहरण का आरोप लगाया गया। न्यायालय ने रविवार को अवकाश होने के बावजूद अर्जेन्ट हीयरिंग डबल बैंच में की। न्यायालय ने संस्था को कोई अंतरिम राहत नहीं देते हुए 17 जनवरी 2024 से नियमित सुनवाई का आदेश प्रदान किया।

न्यायालय में शासन की ओर से एडव्होकेट जनरल अंकित नायक एवं श्रीमती अर्चना खेर ने पैरवी कर मजबूती से अपना पक्ष रखा। आज 23 जनवरी को न्यायालय ने संस्था की याचिका को डिसमिस करते हुए ऐसी संस्थाओं के विरूद्ध जो हॉस्टल की आड़ में गरीब माता-पिता के बच्चों को लाकर उनके नाम पर डोनेशन प्राप्त करते हैं एवं बच्चों पर निर्ममतापूर्वक दण्ड की कार्रवाई करते है, पर शासन के द्वारा की गई कार्रवाई को उचित ठहराया।

उक्त संस्था पर कार्रवाही जूनी इंदौर के एसडीएम घनश्याम धनगर के नेतृत्व में सीडीपीओ दिनेश मिश्रा, डीपीओ श्रीमती ममता चौधरी एवं बाल कल्याण समिति की सदस्य सुश्री संगीता चौधरी ने गत 12 जनवरी को की थी। अभी इस संबंध में जाँच चल रही है।

### 7660 वर्गफीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण से कराया गया मुक्त

**इंदौर।** हातोद औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 7660 वर्गफीट शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री एस.एस. मण्डलोई ने बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मेसर्स विशाखा कन्स्ट्रक्शन भूखण्ड क्रमांक 16/बी व 21 औद्योगिक क्षेत्र हातोद का आवंटन आदेश व लीज डीड निरस्त कर दिया गया था। उक्त उद्योग लंबे समय से बंद था। लंबे समय से बंद रहने के कारण उक्त उद्योग को आवंटित भूमि 7660 वर्गफीट पर निर्मित आरसीसी शेड को ध्वस्त किया गया।

# मंथरा को उपेक्षित से बनाया सकारात्मक -सत्यनारायण सत्तन



DGR @ एल. एन.उग्र

इंदौर। कवि वर सत्यनारायण सत्तन द्वारा रचित खंडकाव्य मंथरा को स्वर देकर मंथरा गान का आयोजन प्रति मंगलवार को हिंदी साहित्य समिति के सभागार में किया जा रहा है । गत दिवस दूसरी श्रृंखला के अवसर पर रचनाकार श्री सत्तन जी विशेष रूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ किया गया । सरस्वती वंदना डॉक्टर दीप्ति गुप्ता द्वारा सुमधुर आवाज में प्रस्तुत की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ रामकृष्ण सोमानी जी का स्वागत प्रधानमंत्री श्री अरविंद जवलेकर द्वारा किया गया । श्री सत्तन जी का स्वागत श्री महेंद्र पालीवाल प्रबल संपादक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट द्वारा एवं श्री पुष्पेंद्र पुष्प का स्वागत श्री अरपण जैन द्वारा किया गया । तत्पश्चात लगभग 30 मिनट का मंथरा गान श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा अपनी ओज शैली में मंथरा के जीवन वृत एवं प्रभु राम से जुड़ी घटनाओं पर गान के माध्यम से प्रस्तुत किया । इस अवसर पर सततनजी ने मंथरा की रचना से लेकर प्रकाशन तक की घटना का उल्लेख किया । श्री पुष्पगिरी संत से लेकर प्रकाशन पर प्रकाश डाला तथा मंथरा के चरित्र से जुड़ी बातों का भी उल्लेख किया । डॉ रामकृष्ण सोमानी जी ने भी मंथरा के चरित्र पर प्रकाश डाला और श्री सत्तन द्वारा रचित काव्य के गान के रूप में प्रस्तुत करने पर पुष्पेंद्र पुष्प के लिए भी प्रशंसा की । कार्यक्रम का के लिए आभार व्यक्त श्री अरविंद जवलेकर जी द्वारा किया गया । जन गण मन के बाद सवल्पाहार एवं चाय के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन काव्य रस परिवार के संस्थापक कवि श्री राजेंद्र पांडे तपन द्वारा किया गया।

# स्वयंसेवकों को रामलला के दर्शन कराने की तैयारी

## चलेगी आरएसएस की अयोध्या स्पेशल ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रमुख स्वयंसेवकों को रामलला के दर्शन कराने की तैयारी कर ली है। संघ के प्रमुख स्वयंसेवकों को रामलला के दर्शन कराने इंदौर से स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की है।**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव संपन्न हो गया। अब राम भक्तों को रामलला के दर्शन का इंतजार है। इस बीच रेलवे की ओर से कई स्पेशल ट्रेन भी शुरू की गई हैं। वहीं अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रमुख स्वयंसेवकों को रामलला के दर्शन कराने की तैयारी कर ली है। संघ के प्रमुख स्वयंसेवकों को रामलला के दर्शन कराने इंदौर से स्पेशल ट्रेन जाएगी।

### स्वयंसेवकों, कारसेवकों के लिए है ये स्पेशल ट्रेन

हर कोई अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाना चाहता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए संघ अपने पुराने स्वयंसेवकों, कारसेवकों और विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने ले जा रहा है। 4 फरवरी को इंदौर से स्पेशल ट्रेन रवाना होगी, जो अगले दिन शाम को पहुंचेगी। योजना अनुसार 6 फरवरी की सुबह दर्शन कराए जाएंगे और शाम को वापसी की ट्रेन है।

### मालवा प्रांत की ट्रेन

ये ट्रेन मालवा प्रांत की होगी, जिसमें 28 जिले हैं। जब संगठन ने ट्रेन को लेकर स्वयंसेवकों का चयन शुरू किया तो आंकड़ा बढ़ गया। प्रत्येक जिले से कम से कम 75 की संख्या सामने आई है, लेकिन ट्रेन की क्षमता 1300 यात्रियों की ही है। अब प्रयास किया जा रहा है कि ट्रेन के कोच बढ़ाए जाएं या एक अन्य ट्रेन की व्यवस्था की जाए। प्रस्ताव रेल मंत्रालय तक पहुंच गया है, जिस पर फैसला होना बाकी है। व्यवस्था नहीं बनी तो कुछ लोगों को रोककर आगे की तारीख तय की जाएगी। उम्र दराज लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### सिर्फ ट्रेन का किराया ले रहे

अयोध्या यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं से 1500 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। ये सिर्फ ट्रेन का टिकट है। खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था संगठन अपने स्तर पर कर रहा है। संघ ने अयोध्या दर्शन करने जाने वाली फेहरिस्त में भाजपाइयों को स्थान नहीं दिया है, लेकिन विहिप, बजरंग दल, सेवा भारती, क्रीड़ा भारती, एबीवीपी आदि के प्रतिनिधि जाएंगे। यात्रा में परिवार को शामिल नहीं किया है। सभी सहयोगी संगठन के पांच से सात लोग रहेंगे।

### इंदौर-अयोध्या स्पेशल ट्रेन का शेड्यूल जारी

इंदौर-अयोध्या-इंदौर आस्था स्पेशल का शेड्यूल जारी हो गया है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। ट्रेन 23 घंटे 10 मिनट में इंदौर से अयोध्या पहुंचाएगी। इसकी एवरेज स्पीड जाते समय 48 किमी प्रति घंटा होगी। वापसी में 50 किमी की स्पीड रहेगी। इसका फाइनल शेड्यूल वेस्टर्न रेलवे ने जारी कर डीआरएम को तैयारी के लिए कह दिया है। इस इंदौर अयोध्या नई ट्रेन के लिए सिर्फ एक रैक मिला है। इसका मतलब यही ट्रेन आना जाना दोनों करेगी। पहली ट्रेन इंदौर से 10 फरवरी को रवाना होगी। यह ट्रेन मुख्य रूप से रतलाम, उज्जैन, बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) बीना, झांसी होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। यही ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से इंदौर के लिए वापस रवाना होगी।

## पेपर लीक की भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ चलेगा अभियान

इंदौर। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ- साथ अन्य परीक्षाओं के सोशल मीडिया पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाए जाने के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी कलेक्टर्स को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किए है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पूर्व में इस तरह की घटनाओं को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल और स्कूल शिक्षा के विभागीय अधिकारियों को हाल ही में ली गई बैठक में निर्देश दिए थे। बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते हैं। इसमें झूठी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। कई ग्रुप पैसों की मांग करते हैं और विद्यार्थियों को फर्जी पेपर उपलब्ध कराते हैं। यह ग्रुप हानिकारक सामग्री उपलब्ध कराने वाले ऐप से भी जोड़ देते हैं।

# इंदौर से हर शनिवार चलेगी दोपहर एक बजे निकलेगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहरवासियों को नई सौगात मिली है। रेलवे ने इंदौर से अयोध्या के बीच वीकली ट्रेन Indore Ayodhya Train Schedule शुरू कर दी है। ट्रेन सप्ताह में एक दिन शनिवार को चलेगी। यह 23 घंटे 10 मिनट में इंदौर से अयोध्या पहुंचाएगी। यही ट्रेन इंदौर से अयोध्या और अयोध्या से फिर इंदौर के लिए आना-जाना दोनों करेगी। इसका फाइनल शेड्यूल वेस्टर्न रेलवे ने जारी कर डीआरएम को तैयारी के लिए कह दिया है। ट्रेन का मुख्य रूप से रतलाम, उज्जैन, भोपाल के बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर), बीना और झांसी स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। पहली ट्रेन इंदौर से 10 फरवरी को रवाना होगी। यही ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से इंदौर के लिए वापस रवाना होगी। इसकी एवरेज स्पीड जाते समय 48 किमी प्रति घंटा होगी। वापसी में 50 किमी की स्पीड रहेगी। ट्रेन हर शनिवार दोपहर 1 बजे इंदौर से रवाना होगी। वह सबसे पहले रतलाम जंक्शन जाएगी वहां से घूम कर उज्जैन पहुंचेगी। इसके बाद आगे के लिए रवाना होगी और रविवार दोपहर 12.10 अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या से वापसी के लिए हर सोमवार रात 9.50 बजे रवाना होगी। मंगलवार रात 8.05 बजे इंदौर पहुंचेगी।

### इन दिनों में चलेगी

इंदौर से अयोध्या- 10, 17, 24 फरवरी (शनिवार)
अयोध्या से इंदौर - 12, 19, 26 फरवरी (सोमवार)

### यहां रहेंगे स्टॉपेज

वेस्टर्न रेलवे द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक यह वीकली ट्रेन भोपाल मुख्य स्टेशन नहीं जाएगी। भोपाल से अयोध्या के लिए जाने वाले यात्रियों को बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) से ट्रेन पकड़नी होगी। इंदौर से रवानगी, स्टॉपेज- रतलाम, नागदा जंक्शन, उज्जैन, मक्सी, बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर), बीना, झांसी, उरई, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या। वापसी में भी यही स्टॉपेज रहेंगे।

# रबी सीजन: अस्थाई बिजली कनेक्शन देकर 94 हजार किसानों की मदद

## जलस्त्रोत दूर होने या स्थाई बिजली सेवा नहीं होने पर दिया जा रहा अस्थाई कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गेंहू, चने, मटर व अन्य सहयोगी फसलों का समय यानि रबी सीजन में मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी की ओर से किसानों की हरसंभव मदद की जा रही है। मालवा और निमाड़ के सवा 13 लाख किसानों को प्रतिदिन दस घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं दूर दराज के जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए स्थाई बिजली कनेक्शन नही है, उन्हें अस्थाई कनेक्शन भी प्रदान दिए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक रबी सीजन में 94 हजार किसानों को अस्थाई कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि रबी सीजन बहुत महत्वपूर्ण है, क्यों कि मालवा-निमाड़ कृषि प्रधान क्षेत्र हैं। राज्य शासन के आदेशानुसार बिजली कंपनी किसानों को दस घंटे दैनिक आपूर्ति कर रही है। श्री तोमर ने बताया कि जिन किसानों ने स्थाई कनेक्शन नहीं ले रखे है, उन्हें अस्थाई कनेक्शन प्रदान किए जा रहे है, ताकि वे सिंचाई कर पाए, फसल उत्पादन में अपनी भूमिका निभाएं। अब तक लगभग 94 हजार किसानों को स्थाई कनेक्शन दिए गए है, ताकि रबी सीजन में वे वैकल्पिक जलस्त्रोत से सिंचाई कार्य कर सके। तीन हार्स पावर की मोटर के लिए तीन माह के सिंचाई कार्य के लिए देहात में अस्थाई कनेक्शन के मात्र 5412 रूपए ही लिए जा रहे है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि स्थाई कनेक्शन मौजूदा कनेक्शन से दूर अन्य जलस्त्रोत, नदी, तालाब से पानी लाने के लिए या स्थाई कनेक्शन नहीं होने पर दिया जा रहा है। इंदौर जिले में इस तरह के अस्थाई कनेक्शन 4500, खंडवा में 9900, धार में 10000, झाबुआ सर्कल में 10400, उज्जैन में 11100, रतलाम में 7100, देवास में 7250, शाजापुर में 5100, मंदसौर में 7600, बड़वानी 5100, बुरहानपुर 4500 , में नीमच में 3060 किसानों को रबी की सिंचाई कार्य के लिए अस्थाई कनेक्शन नियमानुसार दिए गए है। यह कार्य अब भी जारी है।

**कम राशि में भी ली जा सकती हैं फसल-** किसानों को स्थाई कनेक्शन के लिए अपेक्षाकृत ज्यादा राशि चुकाना होती है, क्यों कि यह कार्य वर्षभर की बिजली आपूर्ति एवं स्थाई संसाधनों के लिए होता है। सिर्फ चार माह तक के लिए अस्थाई कनेक्शन लेने के लिए देय योग्य राशि अपेक्षाकृत काफी कम होती है, इस तरह कम राशि से बिजली लेकर रबी फसल आसानी से ली जा सकती है। बिजली कंपनी के लिए भी अस्थाई कनेक्शन विद्युत चोरी रोकने में मदद, राजस्व प्राप्ति और सही लोड की गणना के हिसाब से बहुत कारगर साबित होते हैं।

# भोपाल में जुटे 20 राज्यों के खनिज मंत्री

## सीएम बोले-माइनिंग को काजल की कोठरी मानता था मैं, केंद्र की नीतियों से बढ़ा भरोसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, हमैं यह मानता था कि माइनिंग विभाग काजल की कोठरी है। इसमें न जाने क्या होता होगा? इस कार्यक्रम में शामिल होने तक यही सोचता रहा लेकिन केंद्रीय खनन विभाग की प्लानिंग के बारे में जानकारी मिलने पर भरोसा हुआ है कि पारदर्शिता का काम तेज हुआ है। भारत सरकार खनन एजेंसियों को जोड़ने के लिए शुचिता को बढ़ाने का काम कर रही है। इस तरह के मामलों में सरकारों को आरोप से बचाने का काम केंद्र सरकार की नीतियां कर रही हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात मंगलवार को 63वीं सेंट्रल जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड (सीजीपीबी) की दो दिवसीय बैठक में कही। बैठक सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में शुरू हुई थी। इसमें देश के 20 राज्यों के खनिज मंत्री जुटे।

सीएम ने कहा, माइनिंग सेक्टर में खनन की अलग-अलग संभावनाओं की तलाश कर केंद्रीय खनन विभाग ने मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों को विकास के अवसर दिए हैं। उर्वर भूमि, सघन वन, रत्न, सम्पदा जहां अशेष है, स्वर-सौरभ-सुषमा से मंडित मेरा मध्यप्रदेश है। हमारे मध्यप्रदेश को परमात्मा ने सम्पदा का वरदान दिया है। जम्मू-कश्मीर में भारी मात्रा में लीथियम मिला है, इससे वहां भारी डेवलपमेंट की संभावना बनी है। एमपी में भी राज्य सरकार एजेंसियों के माध्यम से लीथियम की तलाश के लिए काम करेगी।




### खनिज ब्लॉक की नीलामी में एमपी को पहला स्थान

मध्यप्रदेश ने 29 खनिज ब्लॉक की नीलामी कर फेलिसिटेशन ऑफ श्री बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट इन ऑक्सन ऑफ मिनरल ब्लॉक्स में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विभागीय टीम के साथ अवार्ड दिया गया। सीएम ने कहा, हखनिज संपदा के क्षेत्र में निजी क्षेत्रों को जोड़कर केंद्र सरकार ने एक नई पहल की है। इससे नई संभावनाएं बनेंगी। हमारा प्रयास रहेगा कि माइनिंग के क्षेत्र में हम ओडिशा के नक्शे-कदम पर चलें। ऑक्शन के नियम के लिए ही हमको पहला पुरस्कार मिला है। ये केंद्र सरकार की नई नीति के तहत संभव हुआ है।

कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव मुख्य अतिथि जबकि केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री प्रह्लाद जोशी बतौर अध्यक्ष मौजूद रहे। राज्यों के खनन विभाग के प्रमुख सचिवों ने भी इसमें हिस्सा लिया। बैठक में माइनिंग रिफॉर्म, खनिज आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में खनिजों की भूमिका से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

# महीनों तक नहीं मिला राशन : दबंग सेल्समैन देता रहा धमकी

## एसडीएम से शिकायत, आदिवासी बोले- आ चली भूखे मरने की नौबत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। शिवपुरी जिले के कोलारस अनुविभाग के रन्नौद तहसील क्षेत्र के ढकरौरा पंचायत के आदिवासियों ने आज कोलारस एसडीएम से राशन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। आदिवासियों का कहना है कि राशन मांगने पर दुकान के सेल्समैन के द्वारा धमकी दी जा रही है।**

ढकरौरा पंचायत के आदिवासियों ने बताया कि पांच महीने से ढकरौरा उचित मूल्य की दुकान खासखेड़ा गांव के रहने वाले योगेंद्र दांगी द्वारा संचालित की जा रही है। दुकान के संचालक योगेंद्र दांगी द्वारा पंचायत के बरवाया और गुमेरपुरा आदिवासी बस्ती के आदिवासियों को राशन नहीं बांटा गया है। राशन मांगने पर सेल्समैन द्वारा बिना पढ़े लिखे आदिवासियों से कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं साथ ही बाद में राशन देने की कहकर भगा दिया जाता है। इसके बाद जब भी राशन की मांग की जाती है। तो दुकान के सेल्समैन द्वारा धमकाया जाता है। राशन न मिलने पर कई आदिवासी परिवारों के भूखे मरने की नोबत आ गई है। आदिवासियों की शिकायत पर एसडीएम ने जांच कर कार्यवाही करवाने का आश्वासन आदिवासियों को दिया है।

# वनपाल को 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** वनविभाग के वनपाल बृज बिहारी लाल पुष्कर को 15000 रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। वे नामली में पदस्थ थे। लोकायुक्त निरीक्षक दीपक कुमार सेजवार ने बताया कि उज्जैन टीम ने वन विभाग कार्यालय परिसर में यह कार्रवाई की है। बृज बिहारी लाल पुष्कर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

# युवक की मौत पर लड़की समेत 5 पर केस दर्ज

## युवती शादी करने लड़के के घर आ गई थी, लड़की वाले मांग रहे थे 10 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़-धार।** लड़की के परिवार से प्रताड़ित होकर एक युवक ने सुसाइड कर लिया। प्यार होने पर लड़की लड़के से शादी करने के लिए उसके घर आ गई थी। लड़के के परिवार की सूचना पर लड़की वाले उसे अपने साथ ले गए। लड़की की बदनामी की आड़ में वे लड़के वालों से 10 लाख रुपए देने का दबाव बना रहे थे, इसके लिए पंचायत भी बैठी थी, जिसमें लड़के वाले उन्हें ढाई लाख रुपए देने को तैयार थे।

मामला सरदारपुर तहसील के ग्राम राजगढ़ थाना क्षेत्र का है। मेला मैदान में 15 दिसंबर की शाम धनतलाब गांव के रहने वाले 25 साल के कमल ने सुसाइड की कोशिश की थी। गंभीर हालत में परिजन उसे इंदौर ले गए, जहां दो दिन बाद 17 दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी। परिजनों की सूचना पर राजगढ़ पुलिस ने मामले को जांच में लिया था।

पड़ताल में पता चला कि तिरला गांव की रहने वाली युवती कमल से शादी करने के घर आ गई थी। युवक के परिजनों के सूचना के बाद दोनों पक्षों ने बैठक की। युवती के परिजनों ने तोड़ करने की बात कहकर 10 लाख रुपए मांगे।

युवक परिजनों ने इतनी बड़ी रकम देने से मना कर दिया। कमल ने युवती को समझाया भी कि तेरे परिवार वाले ज्यादा रुपए मांग रहे हैं। बैठक में बात नहीं बनी तो युवती अपने परिजनों के साथ चली गई। जाते-जाते उसने कमल से कहा- तू मुझसे शादी कर ले, नहीं तो मैं मर जाऊंगी।

### ढाई लाख दे रहा था युवक

युवती के परिजन इज्जत के नाम पर कमल के परिवार से लगातार रुपयों की मांग कर रहे थे। रुपए नहीं देने पर कमल के खिलाफ थाने जाने की भी धमकी दे रहे थे। 15 दिसंबर को राजगढ़ में मेला मैदान क्षेत्र में दोनों पक्षों ने फिर बैठक की। अपने प्यार को पाने के लिए कमल ने ढाई लाख रुपए देने की बात भी कही, लेकिन आरोपी पक्ष के लोग 7 लाख रुपए पर अड़ गए। युवती के परिवारवाले रुपए के लिए दबाव बनाते हुए विवाद करने लगे।

कमल और लड़की के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। इसी बात का फायदा उठाकर लड़की वाले कमल को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। परेशान होकर कमल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। पुलिस ने मामले में लड़की, उसके भाई समेत 5 के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# नेता प्रतिपक्ष बोले-गांधी की जगह सुभाषचंद्र बोस बनना पड़ेगा

## भोपाल में कांग्रेस का मौन धरना; राहुल की यात्रा रोकने के खिलाफ प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को रोकने के विरोध में कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन कर रही है। भोपाल में भी कांग्रेस नेताओं ने मौन धरना दिया। इस प्रदर्शन में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष भी मौजूद रहे।**

दरअसल, राहुल गांधी की न्याय यात्रा मंगलवार को गुवाहाटी पहुंची थी, जहां असम पुलिस ने उन्हें रोक दिया। राहुल अपने काफिले के साथ गुवाहाटी शहर में जाना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी।

### राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोकाः दिग्विजय सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा- मेरा बस एक ही ऐतराज है कि 22 जनवरी को नरेंद्र मोदी ने जिन सभी लोगों को अयोध्या आमंत्रित किया था, वो वहां उपस्थित हो गए। जिनको आमंत्रित नहीं किया था, उनसे कहा था कि आप



जहां हैं वहां मंदिर में जाइए। राहुल गांधी ने मंदिर में जाने के लिए पहल की, लेकिन उन्हें क्यों रोक दिया गया? इसका उत्तर ना भाजपा के पास है। ना भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री के पास है और ना प्रधानमंत्री के पास है।

दिग्विजय सिंह ने कहा- राम राज्य की यह लोग बात करते हैं, क्या यही राम राज्य है? हम अकेले मंदिर में जाएंगे और किसी को नहीं जाने देंगे। इसी अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा चल रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि अयोध्या जाने का आमंत्रण राहुल गांधी को नहीं मिला था।

### सिंघार बोले- जर्मनी से एक नया हिटलर यहां आ गया

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- जिस तरह से देश में माहौल चल रहा है, वह लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश है। युवाओं, अर्थव्यवस्था, महंगाई की बात नहीं हो रही है। आज जिस तरह से राहुल गांधी की यात्रा को रोका गया। आज सुभाष चंद्र बोस की आज जयंती है और मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि आज गांधी की जगह सुभाष चंद्र बोस बनना पड़ेगा, क्योंकि इस देश और लोकतंत्र को बचाना है। सिंघार ने कहा- न्याय यात्रा आम आदमी के अधिकार की यात्रा है। यह राहुल गांधी की अपनी यात्रा नहीं है। आम लोग यात्रा से जुड़े हैं, मुझे लगता है कि जर्मनी से एक नया हिटलर यहां आ गया, और हिटलर शाही चालू हो गई। 2024 के बाद ऐसा ना हो के देश में चुनाव ही ना हो। उन्होंने कहा कि एश्ट बंद होगी तो देश का लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा।

# 4 साल की बेटी को चंबल नदी में फेंका, बच्ची की तलाश में जुटे गोताखोर

**मंदसौर।** मंदसौर के गांधी सागर में पिता ने अपनी चार साल की बेटी को चंबल नदी में फेंक दिया। सोमवार को पत्नी से विवाद के बाद वह छोटी बेटी को साथ लेकर गया था। मंगलवार सुबह जब वह घर लौटा तो पत्नी को बेटी नहीं दिखाई दी। जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। फिलहाल गोताखोरों की टीम बच्ची की तलाश में जुटी हुई है। मामला भानपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां कोटड़ी टैंक के रहने वाले रघुनंदन मीणा का अक्सर पत्नी से विवाद होता रहता था। पत्नी उसे छोड़कर जाने की धमकी देती थी। सोमवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसे बाद आरोपी रघुनंदन सबसे छोटी बेटी चेतना (4) को अपने साथ लेकर चला गया था। एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया कि आरोपी रघुनंदन मीणा ने पूछताछ में अपनी चार साल की बेटी को चंबल नदी में फेंकने की बात कबूल की है।

Uttarpradesh

# अयोध्या में आज भी श्रद्धालुओं का सैलाब, रामलला की एक झलक पाने के लिए लगी लंबी कतारें

**अयोध्या, (एजेंसी)** नए राम मंदिर में अपने आराध्य राम लला के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है. प्राण-प्रतिष्ठा के अगले दिन यानी मंगलवार को रिकॉर्ड 5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए. हालात ऐसे बन गए कि खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या पहुंचना पड़ा. हालांकि, कुछ ही घंटे में व्यवस्थाएं फिर पटरी पर लौट आईं. बुधवार सुबह राम मंदिर में श्रद्धालुओं को बारी-बारी से रामलला के दर्शन करवाए जा रहे हैं. प्रशासन का कहना है कि आज दूसरे दिन हालात काफी काबू में हैं. तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है. सुबह लंबी कतारें तो लगीं, लेकिन आधे घंटे में भक्तों को दर्शन मिल रहे हैं. मुख्यमंत्री के दौरे के बाद दर्शन की व्यवस्था ज्यादा बेहतर हुई है. अब



कतार लगाकर दर्शन हो रहे हैं. राम जन्मभूमि पथ में सिर्फ श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति है. पुलिस की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है. लाइन लगाकर दर्शनार्थियों को मंदिर तक ले जाया जा रहा है. एक तरफ से लोग जा रहे हैं और दूसरी तरफ से लोगों की दर्शन के बाद वापसी हो रही है. कल के मुकाबले आज सुरक्षाकर्मी ज्यादा लगाए गए हैं. यूपी में लॉ एंड ऑर्डर के डीजी प्रशांत कुमार को अयोध्या में ही रोका गया है. वे खुद दर्शन की व्यवस्था की जिम्मेदारी देख रहे हैं. डीजी लॉ एंड ऑर्डर ने मंगलवार से भी मोर्चा संभाल लिया था. उनके साथ गृह सचिव संजय प्रसाद भी मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगे रहे. इससे पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ से अयोध्या आने के पहले लाइव स्ट्रीमिंग में मंदिर और भीड़ की तस्वीर देखीं फिर वे अयोध्या पहुंचे.

New Delhi

# राहुल गांधी को सुरक्षा दो,

## असम पुलिस कुछ नहीं कर रही; खरगे ने अमित शाह को लिखा पत्र



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राहुल गांधी और उनके भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अन्य साथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की है। राहुल गांधी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गुवाहाटी शहर की सीमा पर असम पुलिस कर्मियों के साथ झड़प के एक दिन बाद खरगे ने शाह को पत्र लिखा है। बता दें कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मंगलवार को पार्टी और असम की भारतीय जनता पार्टी सरकार में उस वक्त टकराव की स्थिति देखने को मिली जब कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेड्स को हटाते हुए गुवाहवाटी में दाखिल हुए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जी पी सिंह को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने के आरोप में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। जिसके बाद राहुल सहित कई कांग्रेसियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। यात्रा में भाग लेने वाले कांग्रेस नेताओं और समर्थकों को गुवाहाटी के मुख्य मार्गों में प्रवेश करने से रोकने के लिए राजमार्ग पर अवरोधक लगाए गए थे। कांग्रेस समर्थकों ने जब अवरोधक हटाए तो पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प हो गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन बोरा और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया को चोटें आईं।

Uttarpradesh

## मस्जिद से झंडा हटाने वाले तीन लोग गिरफ्तार, श्रीराम लिखे ध्वज का अपमान करने वाले 17 लोगों पर एक्शन

**शाहजहांपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक मस्जिद पर लगा झंडा उतारकर भगवा झंडा फहराने के आरोप में तीन लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया. वहीं, जिले की ही तिलहर पुलिस ने 'श्रीराम' लिखे झंडे का कथित तौर पर अपमान करने के एक अन्य मामले में पांच नामजद तथा 12 अज्ञात लोगों सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के लालबाग चौड़ेरा में बनी एक मस्जिद में सोमवार की रात गांव के ही तीन युवकों ने एक मस्जिद पर लगा हरे रंग के झंडे को उतार दिया और उसकी जगह पर भगवा झंडा लगा दिया. उन्होंने बताया कि गांव के ही रहने वाले फलालुद्दीन ने पुलिस को घटना की सूचना दी इसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई.



Paschim bangal

# फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी

## केंद्रीय बल के साथ संदेशखाली पहुंची ईडी की टीम

**कोलकाता, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय बल के साथ मिलकर बुधवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास पर फिर एक बार छापेमारी की। राशन घोटाला मामले के तहत टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी की जा रही है।



एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 120 से अधिक कर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में संदेशखली इलाके में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़ दिया। उन्होंने मीडिया को बताया, 'हम आज शेख के आवास की तलाशी लेंगे। हम वहां के निवासियों से बात करने की भी कोशिश करेंगे।' घर में प्रवेश करने के बाद अधिकारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और तलाशी शुरू कर दी। बता दें कि पांच जनवरी को ईडी ने शाहजहां के आवास पर छापेमारी की थी। जहां कुछ स्थानीय समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। जिला पुलिस और शेख के परिवार के सदस्यों ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। हालांकि, इस घटना के बाद से ही शाहजहां फरार है।

खेल

# 43 की उम्र में रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास

## →ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर बने नंबर-1

**मेलबर्न, (एजेंसी)** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बुधवार (24 जनवरी) को इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुष युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दोनों ने मिलकर मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्तेनी की जोड़ी को हराया। रोहन और एबडेन ने अर्जेंटीना की इस जोड़ी को 6-4, 7-6 (7-5) के अंतर से हराया।

बोपन्ना ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली बार पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। क्वार्टर फाइनल में मिली जीत के साथ ही उन्होंने इतिहास भी रच दिया। वह पुरुष युगल टेनिस रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने पहली बार यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि वह पहली बार 43 साल की उम्र में शीर्ष पर पहुंचे हैं। बोपन्ना पहली बार नंबर-1 बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



बन गए।

**बोपन्ना ने तोड़ा राजीव राम का रिकॉर्ड-** भारतीय टेनिस स्टार ने अमेरिका के राजीव राम को पछाड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। राजीव राम अक्तूबर 2022 में 38 साल की उम्र में अपने करियर में पहली बार ग्रेट ब्रिटेन के साथी जो सैलिसबरी को पीछे छोड़कर पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे।

**पिछले साल यूएस ओपन के फाइनल में मिली थी हार-** कोर्ट तीन पर जीत के साथ मेलबर्न पार्क में अपना लगातार 17वां टूर्नामेंट खेल रहे बोपन्ना अपने करियर में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर तक पहुंचना था। वह छह बार क्वार्टर फाइनल में बाहर हुए थे। टूर्नामेंट समाप्त होने के अगले दिन नई रैंकिंग में बोपन्ना शीर्ष पर दिखेंगे। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी पिछले साल यूएस ओपन के फाइनल में हार गई थी। चार महीने बाद दोनों फिर से ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंच गए।

**सभी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे-** बोपन्ना की इस जीत ने सभी ग्रैंडस्लैम में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने का उनका रिकॉर्ड पूरा कर दिया है। 2011, 2016, 2018 और 2021 में चार क्वार्टर फाइनल में हार के बाद बोपन्ना 2022 में मैटवे मिडलकूप के साथ फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। विंबलडन में उन्होंने 2013, 2015 और 2023 में तीन बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, यूएस ओपन में दो बार (2010 और 2023) फाइनल में पहुंचे हैं। वह अब तक युगल में ग्रैंडस्लैम नहीं जीत पाए हैं।

**यह खास रिकॉर्ड बना सकते हैं बोपन्ना-** दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला चीन के गैर वरीय झांग झिझेन और चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा। झिझेन और मचाक ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में एडम पावलासेक और एरियल बेहार को 6-3, 6-1 से हराया।

सिनेमा

# रितिक रोशन की फाइटर पर खाड़ी देशों ने लगाया बैन, सिर्फ यूएई में होगी रिलीज




शाहरुख खान के साथ 'पठान' जैसी बड़ी ब्लॉकबस्टर देने वाले सिद्धार्थ आनंद की अगली फिल्म 'फाइटर' रिलीज के लिए तैयार है. इस बार सिद्धार्थ के हीरो ऋतिक रोशन हैं और उनके साथ लीडिंग रोल में दीपिका पादुकोण ही नजर आ रही हैं. फिल्म की रिलीज में अब 24 घंटे से भी कम समय बचा है, मगर इस फिल्म के लिए के बुरी खबर सामने आ रही है. ऋतिक की फिल्म 'फाइटर' पांच बड़े खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो पाएगी, क्योंकि इन देशों ने फिल्म पर बैन लगा दिया है. इसे बैन का कारण अभी सामने नहीं आया है और बाकी डिटेल्स का भी इंतजार किया जा रहा है.

फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट गिरीश जोहर ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि पांच बड़े खाड़ी देशों ने ऋतिक की फिल्म को बैन कर दिया है. सिर्फ UAE ने ही 'फाइटर' रिलीज हो पाएगी, जहां के सेंसर बोर्ड ने इसे PG15 रेटिंग के साथ पास किया है. बता दें, खाड़ी सहयोग परिषद यानी में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) शामिल हैं. इनमें से यूएई को छोड़कर बाकी सभी देशों ने 'फाइटर' पर बैन लगा दिया है. इस बैन के पीछे की वजह सामने नहीं आई है. गिरीश जौहर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'एक सेटबैक है, 'फाइटर' को मिडल ईस्ट क्षेत्रों ने थिएट्रिकल रिलीज के लिए ऑफिशियली बैन कर दिया है.

## संपादकीय

# जागरूकता की जरूरत

ऐसे अनेक आकलन सामने आ चुके हैं, जिनके मुताबिक दुनिया में बढ़ते तापमान और जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार कार्बन डाइआक्साइड और अन्य दूषित तत्त्व का मुख्य स्रोत जीवाश्म ईंधन हैं। यों सरकारें सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन कार्यक्रम चलाती रही हैं। मगर जरूरत इस बात की है कि आम लोगों के बीच अक्षय ऊर्जा स्रोतों को लेकर जागरूकता पैदा हो और इसकी उपलब्धता को आसान और रियायती बनाया जाए। यह छिपा नहीं है कि इनकी लगातार घटती उपलब्धता और बढ़ती कीमत की वजह से आज इस मामले में भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं और विकल्प की राह निकाली जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रधानमंत्री ने एक नई योजना की घोषणा की, जिसके तहत केंद्र सरकार देश भर में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाएगी। 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का लक्ष्य अगर जमीन पर उतरा तो इससे गरीब और मध्यवर्ग के बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। साथ ही एक बड़ा बदलाव देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति में आएगा और भारत के लिए इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की राह खुलेगी। दरअसल, प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों की आसान उपलब्धता के बावजूद इस मामले में ज्यादा प्रगति इसलिए नहीं हो पाई कि लोगों के बीच सौर पैनल या ऐसे अन्य संसाधनों को लेकर पर्याप्त जागरूकता का अभाव रहा है। इस वजह से लोग कई स्तरों पर अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को आसान बनाने के लिए या तो ऊर्जा की कमी या मुश्किल का सामना करते हैं या फिर उनके लिए ऊंची कीमत चुकाते हैं। जबकि भारत में धूप और रोशनी की असीमित उपलब्धता में अगर सौर ऊर्जा जैसे विकल्प आजमाए जाएं तो इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो सकता है। आमतौर पर जो विकल्प सामने होते हैं, लोग उसी दायरे में अपना जीवन-बसर करते रहते हैं, भले ही खोजने पर उससे आसान और सस्ते संसाधन मिल जाएं। पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के मुकाबले सौर ऊर्जा को लेकर भी यही स्थिति है। कम या मामूली खर्च में बिजली मिलने का विकल्प होने के बावजूद इस तक आम लोगों की पहुंच आमतौर पर नहीं हो पाती है। इसलिए 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' के लक्ष्य की अहमियत समझी जा सकती है। मौजूदा दुनिया में ऊर्जा की बढ़ती खपत और उपलब्धता की सीमा के लिहाज से देखा जाए तो सौर ऊर्जा आने वाले वक्त में इस क्षेत्र में एक अनिवार्य विकल्प होगा। जहां तक भारत का सवाल है, अगले एक दशक में यहां ऊर्जा की मांग में भारी बढ़ोतरी हो सकती है और इसकी पूर्ति में सौर ऊर्जा की बड़ी भूमिका होगी। फिलहाल देश में तापीय ऊर्जा ही मुख्य स्रोत है, जिसकी निर्भरता जीवाश्म ईंधन पर है।

### Quote...

"You have brains in your head. You have feet in your shoes. You can steer yourself any direction you choose."
-Dr. Seuss

//-2/-7//
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## जिंदगी वही व्यक्ति बचा सकता है, जो अपने अंदर की हर अदा शांत रखना जानता है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# बच गई धरती, बर्लिन के ऊपर आकर फटा एस्टेरॉयड...

## टक्कर होती तो तबाह हो जाता पूरा शहर



इतिहास में 8वीं बार ऐसा हुआ है कि जब कोई उल्कापिंड को धरती के वायुमंडल में घुसने से थोड़ा पहले ही देखा गया हो. कुछ ही घंटों में यह जर्मनी की राजधानी बर्लिन के पास लीपजिग नाम के इलाके के ऊपर आसमान चीरते हुए आया. फिर तेज विस्फोट और रोशनी के साथ न जाने कहां खत्म हो गया. अब वैज्ञानिक उसके टुकड़े खोज रहे हैं.

ये बात है 21 जनवरी 2024 की. जर्मनी में सुबह हो रही थी. दिन रविवार था. अचानक एक तेज रोशनी आसमान को चीरते हुए आई. धरती के वायुमंडल से टकराई और विस्फोट के साथ जलते हुए न जाने कहां गायब हो गई. इससे कुछ ही घंटे पहले वैज्ञानिकों ने इसे ट्रैक किया था. किस्मत अच्छी थी कि यह आकार में छोटा था.

अगर यह बड़े आकार का उल्कापिंड होता या किसी धातु से बना उल्कापिंड होता तो भयानक तबाही मचती. लीपजिग शहर या बर्लिन के आसपास का इलाका पूरा साफ हो जाता. असर यूरोपीय संघ के कई देशों में देखने को भी मिल सकता था. अगर यह समंदर में गिरता तो कई शहरों में सुनामी आ जाती. लेकिन भला हो हमारे वायुमंडल का.

### नासा ने कहा छोटा है, टेंशन लेने की जरूरत नहीं

हंगरी के Piszkstet Mountain Station पर कोनकोली ऑब्जरवेटरी से इस एस्टोरॉयड को सबसे पहले क्रिश्चियन सारनेज्की ने देखा था. इस उल्कापिंड का नाम है 2024BXI. इस पर NASA ने कहा कि एक छोटा एस्टेरॉयड बर्लिन के आसमान के ऊपर आने वाला है. लेकिन यह बेहद छोटा है. यह वायुमंडल में ही जलकर खत्म हो जाएगा. इससे कोई नुकसान नहीं है.

### 50 km ऊपर जलना शुरू हुआ, फिर हो गया गायब

उत्तरी जर्मनी में मौजूद शहर लीपजिग के एक कैमरा ने इसे आते हुए देखा. जलते देखा. विस्फोट देखा और फिर उल्कापिंड को गायब होते हुए भी देखा. रिकॉर्ड किया. ये सब कुछ सेकेंड में ही हो गया. इस एस्टेरॉयड की चौड़ाई 3.3 फीट है. लेकिन यह बर्लिन की जमीन से करीब 50 किलोमीटर ऊपर आसमान में पश्चिम दिशा में वायुमंडल में आया.

### क्रिश्चियन पहले भी खोज चुके हैं ऐसे उल्कापिंड

इसके बाद यह जलकर टूट गया. अब वैज्ञानिक इसके टुकड़े खोज रहे हैं. इससे पहले भी क्रिश्चियन सारनेज्की ने पिछले वर्षों में कई ऐसे एस्टेरॉयड खोजे हैं. जिसपर नासा या अन्य वैज्ञानिकों की नजर नहीं पड़ी. उन्होंने 2022 EB5 उल्कापिंड को भी खोजा था. जो धरती के वायुमंडल में टकराने से दो घंटे पहले ही खोजा गया था.

### 2013 में रूस में मची थी भारी तबाही

यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने कहा कि 99 फीसदी उल्कापिंड खतरनाक नहीं होते. अगर वो 98 फीट से कम चौड़ाई के हैं तो. छोटे उल्कापिंडों को खोजना और उनके रास्ते और ड्रॉप प्वाइंट को खोजना आसान नहीं होता. साल 2013 में रूस के शीलियाबिंस्क में एक उल्कापिंड तेजी से गुजरा था. जिसकी वजह से पूरे शहर की इमारतों की खिड़कियां टूट गई थीं. लोग कुछ सेकेंड के लिए देख नहीं पा रहे थे. 1600 लोग जलने की वजह से जख्मी हो गए थे.

## Highlights

1. **Uttar Pradesh Day: CM Yogi extends warm wishes to residents**
2. **Stay on sentence of policemen convicted of torture extended**
3. **Do teachers have a right to unionise or voice their opinions?**
4. **Wife must serve husband's mother, grandmother as per Indian culture: Jharkhand HC**
5. **Ram Mandir event generated business worth ₹1.25 lakh crore: Trade body**
6. **Delhi HC grants divorce to husband over 'non-adjusting attitude' of wife**

# SAP unveils $2 billion euro 'restructuring plan', 8000 employees to be impacted. Details

**NEW DEIHI, (Agency).** Germany-based software major SAP SE has unveiled a 2 billion euro ($2.17 billion) company-wide transformation programme, including restructuring, for 2024, with the aim being to improve its focus on growth in artificial intelligence (AI)-related areas.

From this amount, more than $1 billion will be invested in generative AI, and the company will open a new tab in AI-powered technology startups, doing so via Sapphire Ventures, its enterprise capital firm.

Here's all you need to know about the programme:

(1.) The 'restructuring' will cover around 8000




employees. Most of these positions are likely to to be covered through voluntary leaves and internal re-skilling measures.

(2.) The software giant, however, said it expects to end the year at a headcount 'similar to the current levels.' Currently, SAP SE has upwards of 105,000 people working for it.

(3.) The expenses incurred in carrying out this restructuring will be reflected 'mostly in the first half of 2024, impacting operating profit,' it added.

(4.) Excluding these expenses, the programme is expected to provide only a 'minor' cost benefit during the year, the software maker further stated.

(5.) According to SAP SE, the plan will 'transform its operational setup to capture organizational synergies, AI-driven efficiencies' and prepare it for 'highly scalable future revenue growth.'

# 7.78 crore ITRs filed in FY23, up 105% in past 10 years: CBDT

**NEW DEIHI, (Agency).** The number of tax payers filing income tax returns has more than doubled to 7.78 crore in the past 10 years, as per government data.

Releasing key statistics, the Central Board of Direct Taxes (CBDT) on Tuesday said the number of Income Tax Returns (ITRs) filed in FY23 stood at 7.78 crore, showing an 104.91 per cent increase as compared to the 3.8 crore ITRs filed in 2013-14.

During the same period, the net direct tax collections increased 160.52




per cent from ₹6,38,596 crore in FY14 to ₹16,63,686 crore in 2022-23, it said.

The government has budgeted to collect ₹18.23 lakh crore from direct taxes (personal income tax and corporate tax) -- 9.75 per cent higher than ₹16.61 lakh crore mopped up last fiscal. According to CBDT data, gross direct tax collections increased 173.31 per cent to ₹19,72,248 crore in FY23 from ₹7,21,604 crore in FY14.

At the same time direct tax-to-GDP ratio went up from 5.62 per cent to 6.11 per cent.

The cost of collection, however, has decreased from 0.57 per cent of total collection in FY14 to 0.51 per cent of the total collection in the previous fiscal.

# सड़क हादसे में एक की मौत

## दंपति भी हुए हादसे का शिकार, पत्नी गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में रहने वाले एक निजी कंपनी के कर्मचारी की हादसे में मौत हो गई। उनका करीब 18 दिन पहले एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद से एमवाय में उनका उपचार चल रहा था। पुलिस ने मामले में बाइक जब्त की है।**

पुलिस के मुताबिक घटना जिला जेल के पास की है। 6 जनवरी की सुबह भास्कर पुत्र ओकार तात्रे निवासी मूसाखेड़ी अपनी मोपेड से देवास नाका स्थित कंपनी में जा रहे थे। इस दौरान उन्हें जिला जेल के यहां बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर भास्कर को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। मंगलवार देर रात उनकी मौत हो गई। परिवार के मुताबिक भास्कर के परिवार में उनकी दो बेटिया है। दोनो पढाई कर रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया। खंडवा जा रहे दंपति हादसे का शिकार इंदौर से बाइक से खंडवा जा रहे दंपति हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में महिला को सिर में गंभीर चोटे आई है। दंपति का एमवाय में उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप पटेल ओर उसकी पत्नी रेखा पटेल निवासी हवा बंगला मंगलवार को बाइक से खंड़वा जाने के लिये निकले। इस दौरान उमरीखेडा में उनकी बाइक स्लिप हो गई। यहां दंपति सडक पर गिरने से बुरी तरह से घायल हो गए। दोनो को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया है। प्रदीप मकान निर्माण के काम से जुडें हुए है। उनके तीन बच्चे है। उन्हेंने बताया कि वह खंडवा में अपनी मां को देखने जा रहे थे। पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ काफी खराब चल रहा है।

## दो सूने मकानों से लाखों का सामान ले गए बदमाश

**इंदौर।** महू के कोतवाली थाना क्षेत्र के धार नाका की श्री श्याम नगर कॉलोनी के दो सूने मकानों रविवार रात चोरों ने निशाना बनाया। बदमाशो ने घर का ताला तोड़कर यहां से लाखों रुपए का चुरा लिया। मकान मालिकों की सुचना शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मकान मालिक ऋतुराज राठौर ने बताया कि वह श्री श्याम नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। परिवार में गमी होने के कारण वह दो दिनों से थे। आज सुबह घर के ताले टूटे देख पड़ोसी ने मामले की जानकारी दी, जब घर जाकर देखा तो घर का पूरा सामान फैला पड़ा था साथ ही अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे। चोर घर से 40 हजार रुपए नगद, एक सोने की चेन, एक सोने की रिंग और पाइजेब चोरी कर के ले गए। इसके साथ पास में एक और सूने मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। दोनों ही घटनाओं में अब कोतवाली पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि चोरों ने धार नाका स्थित श्री श्याम नगर कॉलोनी के दो सूने मकानों में चोरी की है। शिकायत पर मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है।

## महिला से लूट करने वाले बदमाश पकड़ाए

**इंदौर।** चंदन नगर में सोमवार को हुई एक महिला के साथ लूट करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। दोनो आरोपियों को चंदन नगर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। आरोपियों ने उस वक्त वारदात को अजांम दिया था। जब महिला अपनी बहन के घर जाने के लिये पैदल निकली थी। चदंन नगर पुलिस के मुताबिक सविता माहेश्वरी निवासी द्वारकापुरी के साथ सोमवार को बाइक सवार दो बदमाशो ने लूट की वारदात को अजांम दिया। सविता बीएसएनएल आफिस से पैदल अपने घर की तरफ जा रही थी। तभी पीछे से आए बाइक सवारो ने वारदात को अजांम दिया। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में हेंमत पुत्र नारायण ठाकुर निवासी सुदामा नगर ओर पप्पू उर्फ संजू पुत्र ईश्वर लोधी निवासी अहीरखेडी को पकड़ा है। आरोपी पूर्व में भी लूट की वारदात को अजांम दे चुके है। आरोपियों पर पहले के चार चार अपराध दर्ज है। जिसमें लूट के साथ चोरी केस है।

## लारेंस विश्नोई बताकर बिजनेसमैन से मांगी रंगदारी

**इंदौर।** सुपर स्टार सलमान खान को जान से मारने की धमकी दे चुके कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से इंदौर के एक कारोबारी को धमकी मिली है। फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई बताया है। कारोबारी की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। इंदौर के बिचौली हप्सी निवासी कारोबारी क्राइम ब्रांच को बताया कि मुझे किसी ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर कॉल किया और वसूली के लिए पैसे मांगे। कहा कि मेरी बात नहीं मानी तो ठीक नहीं होगा। मुझे जान से मारने की धमकी भी दी है। घटना 19 जनवरी की है। शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने फोन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। लॉरेंस फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। पहले भी इंदौर से उसका नाम जुड़ चुका है।

→मामला अज्ञात महिला की लाश मिलने का ...

## शादी के दबाव में युवक ने की थी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 17 जनवरी को खान कालोनी में रहवासियो ने पुलिस को एक अज्ञात महिला के शव पड़े होने की सूचना दी थी।सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया ओर जांच में जुट गई। एसडीओपी दिलीप चौधरी ने बताया कि महिला का फोटो सोशल मीडिया पर डाला था जिससे उसकी शिनाख्त सुनिता निवासी पीठ रोड रहवासी के रूप में हुई। सूचना तंत्र से पता चला मृतिका सुनीता का खान कालोनी निवासी विकास कोरिया के वँहा आना जाना था जब पुलिस विकास को उठा कर लाई ओर उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया सुनीता मुझ पर बार-बार शादी के लिए दबाव बना रही थी जिससे हमारा विवाद रेल्वे पटरी पर हुआ मेरे द्वारा सुनीता को पेट में मुक्का मारने ओर सर पर लोहे की पत्ती मारने से सुनीता की मृत्यु हुई है।हत्या का खुलासा करने में महू थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ओर उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## जश्न के दौरान छात्रों के दो गुटों में विवाद के बाद मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को पूरे देश मे जश्न का माहौल चल रहा था वहीं महू के अंबेडकर विश्विद्यालय में सोमवार देर रात छात्रों में विवाद हो गया। इसके बाद मारपीट हो गई। इसमें एक युवक घायल हुआ है। जिसके बाद मंगलवार को मामले में तूल पकड़ लिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली चौक पर स्थित एडिशनल एसपी ऑफिस पहुंचकर एडिशन एसपी रूपेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा है तो वहीं भीम आर्मी ने डोंगर गांव चौकी पर धरना दिया। इधर मामले में थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी ने बताया कि अंबेडकर संस्थान में राम मंदिर निर्माण की खुशी मनाने के दौरान छात्रों के दो समूह के बीच विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष पर कार्रवाई हो गई है मामले में और कोई भी दोषी पाया गया तो कार्रवाई होगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वैभव तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दीपक जला रहे थे तभी यहीं पढत्ने वाले कुछ दूसरे छात्रों ने दीपकों पर लात मार दी जिससे विवाद बढ़ गया।

इसके बाद छात्रों के गुटो में मारपीट भी हुई जिसका वीडियो भी सामने आया है। लड़ाई के दौरान छात्र दीपक घायल हुआ है। इधर भीम आर्मी के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में डोंगर गांव चौकी पहुंचे और पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। मंगलवार दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भी एडिशनल एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सोंपा है।

## परिवार नीचे के कमरे में खाना खा रहा था उपर युवक ने लगा ली फांसी

**इंदौर।** द्वारकापुरी में रहने वाले एक कम्प्यूटर शॉप के संचालक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि वह उपर अपने कमरे में था। वही परिवार रात में खाना खा रहा था। उस समय उसने कदम उठा लिया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस के मुताबिक ऋषि पेलेस कॉलोनी में रहने वाले आकाश साहू ने अपने घर के उपरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगा ली। आकाश इलाके में ही कम्प्यूटर की शॉप संचालित करता था। पुलिस के मुताबिक अभी किसी तरह का सुसाइड नोट नही मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया है।

## यातायात आरक्षकों को ट्रैफिक दिया प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में सुगम,सुरक्षित एवं सुखद यातायात हेतु और बेहतर पुलिस व्यवस्था के लिए महिला/पुरुष आरक्षको का बल यातायात प्रबंधन पुलिस को प्राप्त हुआ है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, यातायात प्रबंधन मनीष कुमार अग्रवाल के निर्देशन में इन्हें यातायात व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।**

मंगलवार को यातायात नियंत्रण कक्ष पश्चिम, महूनाका में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन क्षेत्र -2 अरविंद कुमार तिवारी, प्रभारी यातायात नियंत्रण कक्ष निरीक्षक लाल बहादुर सिंह बौद्ध की उपस्थिति में यातायात व्यवस्था में आए नवागत महिला/ पुरुष आरक्षकों को व्यक्तित्व विकास एवं व्यवहार कौशल, अनुशासन व समय प्रबंधन, यातायात प्रबंधन के दौरान बेहतर व्यवस्था आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अरविंद कुमार तिवारी ने सभी महिला/पुरुष आरक्षकों को चौराहों व सड़क पर निर्धारित गणवेश में मुस्तेदी के साथ ड्यूटी करने एवं यातायात संबंधी समस्या आने पर कंट्रोल रूम को सूचित करने, वीआईपी इंतजाम, डायवर्जन, अन्य व्यवस्था के दौरान ध्यान देने वाले विषयों पर जानकारी दी।

निरीक्षक लाल बहादुर बौद्ध ने सभी को ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचने, ड्यूटी के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों का बेहतर तरीके से पालन करने, स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने आदि पहलुओं पर जानकारी दी।

यातायात प्रबंधन प्रशिक्षण के दौरान यातायात के आरक्षक सुमन्त सिंह कछावा द्वारा ट्रैफिक की पाठशाला में 'ट्रैफिक अल्फाबेट' के माध्यम से यातायात व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया गया जैसे ए से अंबर लाइट, बी से बैरिकेट्स, सी से सर्कल, डी से डॉक्यूमेंट, ई से इंजीनियरिंग, एफ से फुटपाथ, जी से गुड सेमेरिटन, एच से हैंड साइन, आई से इंफॉर्मेटरी साइन(सूचनात्मक संकेत), जे से जंक्शन येलो बॉक्स, के से कीप सेफ डिस्टेंस, एल से लेन डिसिप्लिन, एम से मैंडेटरी साइंस (अनिवार्य संकेत), एन से नंबर प्लेट्स, ओ से ओबेय ट्रैफिक रूल्स, पी से पब्लिक ट्रांसपोर्ट, क्यू से क्विक रिस्पांस टीम, आर से रिस्पेक्ट पेडेस्टियन, एस से सेफ्टी गियर्स, टी से ट्रैफिक लाइट्स, यू से अंडरेज ड्राइविंग इज डेंजरस, वी से व्हीकल ई-चालान, डब्ल्यू से वार्निंग साइंस (चेतावनी संकेत), एक्स से क्रॉस रोड, वाय से वाय इंटरसेक्शन, जेड से जेबरा क्रॉसिंग आदि का महत्व एवं मतलब विस्तार से बताया गया। जिन्हें सभी ने बड़ी उत्सुकता के साथ सीखा। प्रशिक्षण के प्राप्त कर सभी आरक्षको द्वारा शहर के विभिन्न चौराहो, वनवे क्षेत्र आदि में यातायात व्यवस्था संचालित की जा रही है।

Issues with Your Partner?
Habits
Doubts
External-Affairs
Family Disputes
Jealousy
Misunderstanding

COUNSELLING CLUB
|| संवाद - सहयोग ||
counsellingclub.co.in
TALK TO US
+91-9111030505
www.counsellingclub.co.in
info.counsellingclub@gmail.com
समस्या आपकी-समाधान हमारा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक